**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1866**

**06 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**महिलाओं और बच्चों में एनीमिया के मामले**

**1866. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:**
**श्री कुलदीप इंदौरा:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश की महिलाओं और बच्चों में एनीमिया के मामलों की उच्च व्यापकता की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विगत तीन वर्षों के दौरान एनीमिया से प्रभावित देश की अनुमानित जनसंख्या विशेषकर गर्भवती महिलाएं राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार कितनी हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस मुद्दे के समाधान के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की उपलब्धियों का आकलन करने के लिए सरकार ने कोई अध्ययन किया है जिसे देश में बच्चों, किशोरों और महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता को कम करने के उद्देश्य से किया गया हो और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर किए गए अध्ययन के परिणाम क्या हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं में एनीमिया और कुपोषण से निपटने के लिए कोई योजना की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, देश में 15-49 वर्ष की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 57.0 प्रतिशत और 6-59 महीने की आयु के बच्चों में 67.1 प्रतिशत है।

(ख): बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित महिलाओं में एनीमिया की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार व्यापकता **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ग): भारत सरकार छह लाभार्थी समूहों - 6-59 महीने के बच्चे, 5-9 वर्ष के बच्चे, किशोर (10-19 वर्ष), प्रजनन आयु की महिलाएं (15-49 वर्ष), गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताओं में एनीमिया के प्रसार को कम करने के लिए 6X6X6 कार्यनीति से एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम लागू करती है। छह क्रियाकलापों के माध्यम से जीवन चक्र दृष्टिकोण में - प्रोफाइलैक्टिक आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण [आईएफए सिरप 6-59 महीने के बच्चों को दो सप्ताह में एक बार दिया जाता है, आईएफए रेड प्रजनन आयु समूह की महिलाओं को साप्ताहिक रूप से दिया जाता है और गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आईएफए रेड गोलियां (180 दिनों के लिए दैनिक) दी जाती हैं], कृमि मुक्ति (गर्भवती महिलाओं को दूसरी तिमाही में एल्बेंडाजोल की गोली दी जाती है और सभी बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों (आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पूरक पोषण, स्कूलों में मध्याह्न भोजन और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली) में लौह और फोलिक एसिड युक्त खाद्य पदार्थों का प्रावधान, सुदृढ़ संस्थागत तंत्र के माध्यम से मलेरिया, हीमोग्लोबिनोपैथी और फ्लोरोसिस पर विशेष ध्यान देते हुए, स्थानिकमारी क्षेत्रों में एनीमिया के गैर-पोषण संबंधी कारणों का समाधान करना।

(घ) और (ङ): सरकार एनीमिया मुक्त भारत के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय समीक्षा बैठकें, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के क्षेत्रीय दौरे और सामान्य समीक्षा मिशन (सीआरएम) आयोजित करती है। एएनएम, सीएचओ और आशा के रूप में क्षेत्रीय स्तर के कार्यकर्ता एनीमिया की रोकथाम, प्रबंधन और स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं सहित महिलाओं में एनीमिया के लिए स्वास्थ्य क्रियाकलापों को सुदृढ़ करने के लिए सहायक पर्यवेक्षण दौरे किए जाते हैं।

दिनांक 06/12/2024 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1866 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

बच्चों और महिलाओं में एनीमिया की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार व्याप्तता

(स्रोत: एनएफएचएस-5 (2019-21)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 6-59 महीने की आयु के बच्चे जो एनीमिया से ग्रस्त हैं (%) | 15-49 वर्ष की गर्भवती महिलाएं जो एनीमिया से ग्रस्त हैं (%) | 15-49 वर्ष की आयु की सभी महिलाएं जो एनीमिया से ग्रस्त हैं (%) |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 63.2 | 53.7 | 58.8 |
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 40.0 | 53.7 | 57.5 |
| अरुणाचल प्रदेश | 56.6 | 27.9 | 40.3 |
| असम | 68.4 | 54.2 | 65.9 |
| बिहार | 69.4 | 63.1 | 63.5 |
| चंडीगढ़ | 54.6 | * | 60.3 |
| छत्तीसगढ़ | 67.2 | 51.8 | 60.8 |
| दादरा व नगर हवेली तथा दमन व दीव | 75.8 | 60.7 | 62.5 |
| गोवा | 53.2 | 41.0 | 39.0 |
| गुजरात | 79.7 | 62.6 | 65.0 |
| हरियाणा | 70.4 | 56.5 | 60.4 |
| हिमाचल प्रदेश | 55.4 | 42.2 | 53.0 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 72.7 | 44.1 | 65.9 |
| झारखंड | 67.5 | 56.8 | 65.3 |
| कर्नाटक | 65.5 | 45.7 | 47.8 |
| केरल | 39.4 | 31.4 | 36.3 |
| लद्दाख | 92.5 | 78.1 | 92.8 |
| लक्षद्वीप | 43.1 | 20.9 | 25.8 |
| मध्य प्रदेश | 72.7 | 52.9 | 54.7 |
| महाराष्ट्र | 68.9 | 45.7 | 54.2 |
| मणिपुर | 42.8 | 32.4 | 29.4 |
| मेघालय | 45.1 | 45.0 | 53.8 |
| मिजोरम | 46.4 | 34.0 | 34.8 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| नागालैंड | 42.7 | 22.2 | 28.9 |
| राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 69.2 | 42.2 | 49.9 |
| ओडिशा | 64.2 | 61.8 | 64.3 |
| पुदुचेरी | 64.0 | 42.5 | 55.1 |
| पंजाब | 71.1 | 51.7 | 58.7 |
| राजस्थान | 71.5 | 46.3 | 54.4 |
| सिक्किम | 56.4 | 40.7 | 42.1 |
| तमिलनाडु | 57.4 | 48.3 | 53.4 |
| तेलंगाना | 70.0 | 53.2 | 57.6 |
| त्रिपुरा | 64.3 | 61.5 | 67.2 |
| उत्तर प्रदेश | 66.4 | 45.9 | 50.4 |
| उत्तराखंड | 58.8 | 46.4 | 42.6 |
| पश्चिम बंगाल | 69.0 | 62.3 | 71.4 |

*****